# तीन हफ्तों में चीनी के दाम में 24% की बढ़ोतरी

[ जयश्री भोंसले | पुणे ]

गुजरे 20 दिनों में चीनी की कीमतें करीब 24 फीसदी बढ़ गई हैं। बुधवार तक पिछले दो दिनों में ही इसके दाम करीब 8 फीसदी बढ़े हैं। कई फैक्टर्स के चलते शुगर के दाम बढ़े हैं। इनमें मिलों पर चीनी को बेचने का प्रेशर कम होना क्योंकि क्रशिंग सीजन अंत की ओर बढ़ रहा है, स्टॉकिस्ट्स की ओर से खरीदारी बढ़ने, बैंकों से लोन मिलना, अल नीनो का डर, ब्राजील में कम प्रॉडक्शन के चलते इंटरनेशनल प्राइसेज में बढ़ोतरी शामिल हैं।

एक एमएनसी ट्रेड हाउस के अधिकारी ने कहा, 'पिछले दो-तीन हफ्तों से मिलें चीनी बेचने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रही हैं। खासतौर पर छोटी मिलें, जो पहले ही 60-70 पर्सेंट स्टॉक बेच चुकी हैं।' कोऑपरेटिव बैंक आखिरी तीन महीनों के एवरेज शुगर प्राइसेज के आधार पर मिलों को कर्ज देते हैं। चूंकि शुगर प्राइसेज गिरकर 25-26 रुपये प्रति किलो के लेवल पर आ गए थे, ऐसे में एवरेज शुगर प्राइस के आधार पर मिलों को मिलने वाला लोन कम हो गया था। इस वजह से उन्हें गन्ना किसानों को भुगतान करने के लिए मजबूरी में कम दाम पर शुगर की बिक्री करनी पड़ी।

**बुधवार तक** पिछले दो दिनों में ही शुगर के दाम करीब 8 फीसदी बढ़े हैं

एक अधिकारी ने बताया, 'चूंकि क्रशिंग सीजन खत्म होने को है, ऐसे में मिलों पर गन्ने के भुगतान का प्रेशर अब काफी कम हो गया है।' बैंकों के इंटरेस्ट फ्री सॉफ्ट लोन के वितरण से मिलों पर वर्किंग कैपिटल के लिए मजबूरी में चीनी की बिक्री करने की बाध्यता भी कम हो गई है। महाराष्ट्र स्टेट कोऑपरेटिव (एमएससी) बैंक ने अब तक 237 करोड़ रुपये के इंटरेस्ट फ्री लोन बांटे हैं, जबकि राज्य में 28 मिलों के लिए इसने 451 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। एमएससी महाराष्ट्र का सबसे बड़ा कोऑपरेटिव बैंक है।

शुगर एक्सपोर्ट भी कीमतों में सुधार का बड़ा फैक्टर रहा है। पिछले दो साल से चीनी का एक्सपोर्ट बेहद मंदा चल रहा है। पिछले 8-10 महीनों के दौरान देश से चीनी एक्सपोर्ट में तेज गिरावट हुई है। केंद्र सरकार को 6,600 करोड़ रुपये के इंटरेस्ट फ्री लोन के पैकेज का ऐलान करना पड़ा है, साथ ही सरकार ने रॉ शुगर के एक्सपोर्ट पर भी सब्सिडी का ऐलान किया है ताकि फाइनेंशियल दिक्कतों से गुजर रही शुगर इंडस्ट्री को बचाया जा सके।

इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक, इंडिया ने 14 अप्रैल तक भेजे जाने के लिए 19 लाख टन वाइट और रॉ शुगर के कॉन्ट्रैक्ट किए हैं।




Economminc times
~~Business Bhaskar~~

4/4/14